

# कलेक्टर कार्यालय पर किसानों का प्रदर्शन

- किसान ने अर्धनग्न अवस्था में लगाई सड़क पर लौट

नव भारत न्यूज

इंदौर. सोमवार को कलेक्टर कार्यालय पर इंदौर मनमाड़ रेल लाइन और पूर्वी रिंग रोड में जमीन लिए जाने को लेकर किसानों ने विरोध प्रदर्शन किया हैं। किसानों की मांग है कि जमीन का मुआवजा नहीं चाहिए, बल्कि दोनो योजनाएं खत्म करें या बदलाव करें. प्रदर्शन के दौरान भीषण गर्मी में एक किसान न अर्धनग्न अवस्था में सीमेंट कांक्रीट की सड़क पर लौट लगाकर विरोध जताया.

एनएचएआई द्वारा पूर्वी रिंग के शेष हिस्से को लेकर गजट नोटिफिकेशन कर दिया है. इसके तहत 44 गांव के किसानों की 8 सौ हेक्टेयर जमीन सड़क और इंदौर मनमाड रेल लाइन में सरकार द्वारा अधिग्रहण की जाना है. दोनों योजनाएं शहर के लिए महत्वपूर्ण है, लेकिन किसान 4 गुना मुआवजा देने के बदले भी जमीन देने को तैयार नहीं है. किसान मुआवजे के जगह योजना का अलॉयमेंट बदलने की मांग कर रहे है. सुबह 10 बजे से सैकड़ों किसान और ग्रामीण महिलाएं कलेक्टर कार्यालय के मुख्य द्वार पर प्रदर्शन करने पहुंचे. इस दौरान किसानों ने अपनी मांगों को लेकर चक्काजाम कर दिया और मुख्य मार्ग पर धरना देकर बैठ गए. धरना खत्म करवाने एसडीएम घनश्याम धनगर एवं तहसीलदार नारायण नांदेड़ा ने किसानों की मांग पर चर्चा करने की कोशिश की, लेकिन किसान कलेक्टर से बात करने की बात पर अड़े रहे. कलेक्टर द्वारा बात नहीं करने पर किसानों ने बाहर मुख्य मार्ग पर ही डेरा जमा लिया और मांग करने लगे कि जब तक कलेक्टर बात करने नहीं आएंगे, तब तक हम सड़क पर बैठें रहेंगे. प्रदर्शन के दौरान एक किसान ने कपड़े उतार कर अर्धनग्न अवस्था जमीन पर लौट लगा दी. गर्मी में झुलस गए और तबियत बिगड़ने पर एंबुलेंस से हॉस्पिटल भेजा गया. प्रदर्शन में ग्रामीण महिलाए भी मौके पर मौजूद थी. किसानों ने समस्या का समाधान नहीं होने तक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे रहने की घोषणा की है.



### बंजर भूमि पर योजना लागू हो

महिलाओं ने कहा कि हमारी जमीन नहीं देंगे, हमारे परिवार के बच्चे पढ़ लिखकर खेती करते हैं. अब वो खेत में फावड़ा नहीं चलाएंगे तो कहां फावड़ा चलाएंगे, सड़क पर? हमको मुआवजा नहीं चाहिए. हमारी जमीन हमारे पास रहने दो, यही मांग है. दूसरी ओर किसान कह रहे है कि सिंचाई की जगह बंजर भूमि पर योजना लागू हो, नहीं तो निरस्त कर दें. प्रदर्शन में कंपेल, पिवडाय, तिल्लोर बुजुर्ग, तिंछा, घोसी खेड़ा, चिखली सिमरोल सहित 44 गांव के किसान जमीन अधिग्रहण का विरोध करने पहुंचे थे.

### कलेक्टर से बात करने के बाद हुए संतुष्ट

प्रदर्शन के चलते कलेक्टर ने एडीएम रोशन राय और एडीएम घनश्याम धनगर करीब 6-7 किसानों को लेकर कलेक्टर शिवम वर्मा के कक्ष में पहुंचे. करीब 15-20 मिनट की चर्चा के बाद 20 दिन में किसानों के मांग का निराकरण करने की बात कही. इससे किसान संतुष्ट नजर आए और प्रदर्शन खत्म हो गया. प्रदर्शन में बंटी गुर्जर, संतोष पाटीदार, जितेंद्र पाटीदार, आनंदिराव सहित कई प्रभावित किसान मौजूद थे.

# युवक का मोबाइल हैक कर बैंक खातों से उड़ाए 1 .94 लाख रुपए

- सुखलिया निवासी पीड़ित की शिकायत पर केस दर्ज
- हीरानगर पुलिस ने मामले में शुरू की जांच

**इंदौर.** हीरानगर थाना क्षेत्र में ऑनलाइन धोखाधड़ी का एक मामला सामने आया है. शातिर अज्ञात बदमाशों ने एक युवक का मोबाइल फोन हैक कर लिया और उसके अलग-अलग बैंक खातों में सेंध लगा दी. ठगों ने युवक के खातों से कुल 1 लाख 94 हजार 300 रुपये पार कर दिए. पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. ऑनलाइन ठगी की यह वारदात सुखलिया क्षेत्र की है. सुखलिया निवासी फरियादी अंकित पिता अरुण गुप्ता के साथ यह धोखाधड़ी हुई है. गत 18 मई को अज्ञात साइबर अपराधियों ने एक सोची-समझी साजिश के तहत अंकित का मोबाइल फोन रिमोट एक्सेस या किसी अन्य माध्यम से हैक कर लिया. मोबाइल हैक होते ही आरोपियों ने अंकित के फोन में मौजूद बैंकिंग ऐप्स और गोपनीय डेटा तक अपनी पहुंच बना ली. फरियादी अंकित ने पुलिस को बताया कि मोबाइल पूरी तरह से हैकर्स के नियंत्रण में जाने के बाद, आरोपियों ने उनके अलग-अलग बैंक अकाउंट्स से अवैध रूप से ट्रांजेक्शन शुरू कर दिए. शातिर ठगों ने अंकित के खातों से कुल 1,94,300 रुपये अपने खातों में ट्रांसफर कर लिए और धोखाधड़ी कर आर्थिक लाभ कमाया. जब अंकित को खातों से पैसे कटने के मैसेज मिले, तब जाकर उन्हें अपने साथ हुई इस बड़ी ठगी का अहसास हुआ. खातों से इतनी बड़ी रकम गायब होने के बाद पीड़ित अंकित गुप्ता तुरंत हीरानगर थाने पहुंचे और मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई. पुलिस ने प्रारंभिक जांच के बाद अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है.

### बेटमा में भी दो लोगों के मोबाइल हैक कर उड़ाए पौने तीन लाख रुपए

**इंदौर.** बेटमा थाना क्षेत्र में साइबर ठगों ने व्हाट्सएप पर फर्जी लिंक भेजकर दो लोगों के मोबाइल हैक कर लिए और उनके खातों से करीब 2 लाख 76 हजार रुपए पार कर दिए. पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है.

पहले मामले में धरावरा धाम बेटमा निवासी जितेंद्र पिता शिवजी राम खाती के व्हाट्सएप पर 14 अप्रैल को एक अज्ञात लिंक आई थी. जितेंद्र ने जैसे ही उस लिंक पर क्लिक किया, उनके बैंक ऑफ बड़ौदा के क्रेडिट कार्ड से 1 लाख 93 हजार रुपए कट गए. इसी तरह की दूसरी वारदात लाइफ सिटी कॉलोनी बेटमा निवासी धर्मेंद्र पिता शंभू सिंह चंद्रावत के साथ हुई.

8 अप्रैल को बदमाशों ने उनके व्हाट्सएप पर भी एक लिंक भेजी थी, जिसे ओपन करते ही धर्मेंद्र के बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा पीथमपुर के खाते से 82 हजार रुपए साफ हो गए.

# बातचीत के बहाने बुलाकर युवक की गर्दन पर मारा चाकू

- कॉमन महिला मित्र से दोस्ती को लेकर हुआ था विवाद

**इंदौर. लसूड़िया थाना क्षेत्र के स्कीम नंबर 78 स्थित बावड़ी हनुमान मंदिर के पीछे शनिवार रात कॉलेज छात्रों के बीच खूनी संघर्ष हो गया. एक कॉमन महिला मित्र से दोस्ती की बात पर हुए विवाद में एक युवक पर चाकू से हमला किया गया.**

लसुड़िया पुलिस ने खातीपुरा सुखलिया निवासी घायल आर्यन पिता अमित मुकाती की शिकायत पर उसके कॉलेज दोस्त उज्जवल प्रजापत, शंकर शेखावत, शत्रु निवासी स्कीम 114 और अन्य साथियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है. फरियादी आर्यन ने पुलिस को बताया कि 30 मई की रात उसका उज्जवल से महिला मित्र को लेकर विवाद हुआ था. इसके बाद उज्जवल ने उसे बातचीत के लिए मंदिर के पीछे बुलाया. आर्यन जब अपने दोस्त प्रिंस के साथ वहां पहुंचा, तो आरोपी उज्जवल और उसके साथियों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी. इसी दौरान आरोपी के दोस्त शंकर शेखावत ने चाकू निकालकर आर्यन की गर्दन पर दाहिनी तरफ वार कर दिया. वारदात के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए.

# तीन लाख की एमडी ड्रग्स के साथ दो नशा तस्करों को दबोचा

- देवास के रहने वाले हैं आरोपी, 30 ग्राम से अधिक ड्रग्स जब्त

**इंदौर. क्राइम ब्रांच इंदौर ने नशे के कारोबार पर बड़ी चोट करते हुए दो अंतर-जिला तस्करों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है. आरोपी देवास के रहने वाले हैं और स्कीम नंबर 134 स्थित फरीदाबाग कब्रिस्तान के पास किसी ग्राहक का इंतजार कर रहे थे. पुलिस ने इनके पास से 30 ग्राम से अधिक एमडी ड्रग्स जब्त की है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 3 लाख रुपये आंकी गई है.**

पुलिस ने बताया कि क्राइम ब्रांच को मुखबिर से सूचना मिली थी कि स्कीम नंबर 134 के पास कुछ संदिग्ध युवक नशीले पदार्थों की तस्करी के लिए खड़े हैं. सूचना की पुष्टि के बाद टीम मौके पर पहुंची, तो फरीदाबाग कब्रिस्तान के पास पानी की टंकी के निकट दो युवक संदिग्ध हालत में मिले. पुलिस को देखकर दोनों हड़बड़ा गए और भागने की कोशिश करने लगे, लेकिन टीम ने घेराबंदी कर उन्हें पकड़ लिया. पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों ने अपने नाम सरफराज उर्फ शब्बु निवासी जयप्रकाश मार्ग, देवास और अमन उर्फ सलमान निवासी नौसराबाद कॉलोनी, देवास बताए.

### तस्करी नेटवर्क को लेकर की जा रही पूछताछ

आरोपियों की तलाशी लेने पर सरफराज के पास से 15 .10 ग्राम और अमन के पास से 14 .92 ग्राम एम .डी . ड्रग्स बरामद की गई . इसके अलावा पुलिस ने आरोपियों के मोबाइल फोन भी जब्त किए हैं . कुल बरामद मशरूका करीब 4 लाख रुपये का है . क्राइम ब्रांच ने एनडीपीएस एक्ट की धारा के तहत मामला दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है . पुलिस अब उनसे यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि वे यह नशा कहाँ से ला रहे थे और इंदौर शहर में उनके संभावित खरीदार कौन-कौन हैं . थाना प्रभारी के निर्देशन में पुलिस की टीम आरोपियों के पूरे नेटवर्क को खंगालने में जुटी है .

## एक नजर में

### भक्तिमय माहौल के बीच शिव महापुराण कथा का समापन



**महू .** इंदौर रोड स्थित समर्थ पार्क कॉलोनी में मेहरा परिवार द्वारा चल रही शिव महापुराण कथा का सोमवार को भक्तिमय माहौल में समापन हुआ . कथा के अंतिम दिन कथा वाचक पं . अमित कृष्ण महाराज ने व्यास पीठ पर विराजमान होने के बाद पारंपरिक पूजन-वंदन के साथ शिव व्याख्यान को आगे बढ़ाया . उन्होंने कहा कि शिवलिंग भगवान शिव के निर्गुण और निराकार स्वरूप का प्रतीक है . सच्चिदानन्द स्वरूप भगवान शिव सर्वव्यापी हैं . इस दौरान शिव के विभिन्न अंशावतार व पूर्णावतार की कथा सुनाई . इस दौरान पूरे कथा परिसर में भक्तिमय माहौल नजर आया . भजनों की प्रस्तुति पर श्रद्धालु झूमने पर विवश हो उठे . कथा के अंत में व्यासपीठ का पूजन रमेश कुमार मेहरा, आशा मेहरा, श्याम कुमार मेहरा, गीता मेहरा, शिक्षा मेहरा सहित श्रद्धालुओं ने किया .

### जमानत पर बाहर अपराधी पर रासुका लगाने कलेक्टर को दिया आवेदन

**महू .** थाना कोतवाली क्षेत्र में एक बड़ा जमीन धोखाधड़ी और गुंडागर्दी का मामला सामने आया है . पीड़ित विकास चौबे ने कलेक्टर और ग्रामीण एसपी को एक ज्ञापन सौंपकर भू-माफियाओं और गुंडों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है . खास तौर पर उन्होंने ज्ञापन देकर यह मांग की है कि जमानत पर बाहर घूम रहे अपराधी पर रासुका लगाई जाए . खुलेआम घूम रहा गुंडा आए दिन जान से मारने की धमकी दे रहा है . पीड़ित का आरोप है कि पिछले 3 वर्षों से वे और उनका परिवार जमीनी धोखाधड़ी और गुंडों की दबंगई से बुरी तरह परेशान है, लेकिन कोतवाली थाना पुलिस द्वारा बार-बार आवेदन देने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है . बल्कि, आरोपी इस कदर बेखौफ हैं कि वे पीड़ित को थाने के अंदर ही जान से मारने की धमकी दे चुका है . पीड़ित ने आरोप लगाया है कि पुलिस और प्रशासन के कुछ अधिकारियों द्वारा अपराधियों के साथ साठगांठ कर पीड़ित परिवार को ही फंसाने की साजिश रची जा रही है . शिकायतकर्ता ने बताया कि मुख्य आरोपी रामू पहलवान जो पहले ही अपहरण के मामले में सजा काट चुका है, वर्तमान में जमानत पर बाहर घूम रहा है . वह और उसके पाले हुए गुंडे पीड़ित पर पुरानी रिपोर्ट और कार्रवाई वापस लेने के लिए लगातार धमका रहे हैं . पीड़ित परिवार ने कलेक्टर से मुख्य आरोपी रामु पहलवान पर रासुका लगाने और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की भी मांग की है .

### नगर पालिका की लापरवाही, युवा मंच ने उठाई जिम्मेदारी



**महू .** नगर पालिका महू गांव की लापरवाही से भगीरथ कॉलोनी के रहवासी विगत चार वर्षों से जर्जर सड़कों की समस्या से जूझ रहे हैं . युवा मंच ने इसकी मरम्मत की जिम्मेदारी उठाई और गड्ढे भरने का अभियान शुरू किया . युवा मंच ने रहवासियों के सहयोग से सड़कों के गड्ढों की समस्या दूर करने की जिम्मेदारी उठाई . युवा मंच के संरक्षक राम किशोर शुक्ला ने शिकायत मिलने और रहवासियों की गुहार पर कॉलोनी के रहवासियों के सहयोग से कॉलोनी की सड़कों के गड्ढे भरने का अभियान शुरू कर दिया . रहवासी कई बार पालिका के अधिकारियों, अध्यक्ष से निवेदन कर चुके हैं, मगर नतीजा शून्य है . शुक्ला ने बताया कि पूरी कॉलोनी की सड़कें जर्जर हो चुकी हैं . चार साल पहले नर्मदा पाईप लाईन डालने के लिए सड़कें खोदी गई हैं, जो आज तक दुरुस्त नहीं की गई . अब मंच द्वारा सड़कों के गड्ढों को भरा . इस अभियान में प्रदीप शुक्ला, सुरेश मजदे, शंकरलाल सिरमोलिया, पूर्व पार्षद सूरज प्रसाद जाटव, हेमंत, मनोज बड़ोदिया, कैलाश बरोनिया, रवि बरोनिया, भूपेंद्र सिरोहिया, सुरेश बरौरे, अर्जुन शकवार, रवि मलेया, बबलू जाटव आदि शामिल थे .

# ससुराल से मायके आई महिला ने फांसी लगाई

**इंदौर.** लसुड़िया थाना क्षेत्र में एक विवाहिता द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है. महिला अलीराजपुर से इंदौर स्थित अपने मायके आई हुई थी, जहां उसने यह कदम उठाया. मृतका ने किन कारणों के चलते फांसी लगाई, इसका खुलासा फिलहाल नहीं हो सका है. पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है.

घटना लसुड़िया थाना क्षेत्र के स्कीम नंबर 136 की है. मृतका का नाम दीपिका पति दिलीप (32) निवासी अलीराजपुर है. दीपिका कुछ समय पहले ही इंदौर के स्कीम नंबर 136 स्थित अपने मायके आई हुई थी. इसी दौरान अज्ञात कारणों के चलते उन्होंने अपने मायके के घर में फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली. परिवार के लोगों ने जब दीपिका को फंदे पर झूलते देखा, तो उनके होश उड़ गए और घर में चीख-पुकार मच गई. परिजन उसे मृत हालात में अस्पताल लेकर पहुंचे. पुलिस के मुताबिक, प्राथमिक तौर पर घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है, जिससे आत्महत्या की वजह साफ हो सके. फिलहाल मामले में मर्ग कायम कर जांच की जा रही है.

# महू में सिंहस्थ-2028 के लिए पुलिस प्रशिक्षण शुरू

- 20 सत्रों में 550 जवानों को मिलेगा विशेष प्रशिक्षण

नव भारत न्यूज

**इंदौर/महू.** सिंहस्थ-2028 की तैयारियों को लेकर सोमवार 1 जून से महू में पुलिस प्रशिक्षण सत्र का शुभारंभ किया गया. पहले चरण में पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को आपदा प्रबंधन, सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण से जुड़े विषयों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा. महू में शुरू हुए इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस महानिरीक्षक इंदौर ग्रामीण जोन अनुराग ने किया. इस दौरान पुलिस अधीक्षक इंदौर ग्रामीण राजेंद्र कुमार वर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महू रूपेश कुमार द्विवेदी, एसडीओपी ललित सिकरवार सहित जिले के कई थाना प्रभारी और अधिकारी मौजूद रहे. पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर शुरू किए. इस प्रशिक्षण का उद्देश्य सिंहस्थ के दौरान आने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए पुलिस बल को पहले से तैयार करना है. इसमें श्रद्धालुओं की सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन, यातायात व्यवस्था और आपात स्थिति में तुरंत कार्रवाई जैसे विषयों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है. पूरे प्रशिक्षण कार्यक्रम को 20 सत्रों में विभाजित किया है, जिसमें 550 पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षित किया जाएगा. प्रत्येक सत्र 6 दिन का होगा और इसे अलग-अलग चरणों में जिले के विभिन्न अनुभागों में आयोजित किया जाएगा.



### महू के बाद देपालपुर, सांवेर और मुख्यालय पर होगा प्रशिक्षण

प्रशिक्षण की शुरुआत महू अनुभाग से की गई है, इसके बाद देपालपुर, सांवेर और मुख्यालय स्तर पर भी सत्र आयोजित होंगे . कार्यक्रम में इंदौर ग्रामीण जिले के सभी शाखाओं के अधिकारी और कर्मचारी शामिल किए जा रहे हैं, ताकि समन्वय के साथ बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा सकें . प्रशिक्षण में टीओटी प्राप्त निरीक्षक अरुण सोलंकी और निरीक्षक दीपक खत्री द्वारा जवानों को व्यवहारिक और तकनीकी प्रशिक्षण दिया जा रहा है . पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह प्रशिक्षण सिंहस्थ-2028 के सफल और सुरक्षित आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा .

# इंदौर बना स्मार्ट पुलिसिंग का मॉडल, प्रदेश की पहली ड्रोन यूनिट लॉन्च

**इंदौर.** पुलिसिंग अब पूरी तरह टेक्नोलॉजी आधारित हो गई है. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को शहर में प्रदेश की पहली जिला ड्रोन यूनिट और इंदौर ट्रैफिक साथी ऐप का शुभारंभ किया. इस पहल से शहर में सुरक्षा, ट्रैफिक मैनेजमेंट एवं आपातकालीन रिस्पॉन्स और अधिक तेज तथा प्रभावी होगा. डीआरपी लाइन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने इंदौर पुलिस की इस पहल को भविष्य की जरूरत बताते हुए कहा कि आधुनिक तकनीक से कानून-व्यवस्था को और मजबूत बनाया जा सकता है. पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने बताया कि ड्रोन यूनिट के जरिए अपराध नियंत्रण, भीड़ प्रबंधन, यातायात संचालन और संवेदनशील क्षेत्रों की निगरानी रियल टाइम में की जाएगी. ड्रोन यूनिट में 18 हाई-रिजॉल्यूशन ड्रोन शामिल किए गए हैं, जो शहर के विभिन्न इलाकों से सीधे कंट्रोल रूम तक जानकारी पहुंचाएंगे. इनके संचालन के लिए विशेष रूप से प्रशिक्षित टीम तैयार की गई है, जिसमें महिला पुलिसकर्मी भी शामिल हैं.

### सीएम ने ट्रैफिक साथी ऐप भी किया लॉन्च

कार्यक्रम में इंदौर ट्रैफिक साथी ऐप भी लॉन्च किया, जिससे आमजन को ट्रैफिक अपडेट, मार्ग परिवर्तन और जरूरी सूचनाएं तुरंत मिल सकेंगी. इससे पुलिस और नागरिकों के बीच समन्वय बेहतर होगा. इस मौके पर सीएसआर के तहत मिले 5 बोलेरो वाहन और 4 बुलेट मोटरसाइकिलों का भी लोकार्पण किया. इनसे पुलिस की गश्त, रिस्पॉन्स टाइम और फील्ड कार्यक्षमता मजबूत होगी. कार्यक्रम में सांसद, मंत्री, विधायक सहित जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे. इंदौर पुलिस की यह पहल सुरक्षित इंदौर, स्मार्ट इंदौर के लक्ष्य को नई दिशा देने वाली मानी जा रही है.

# खजराना पुलिस ने की तुरंत कार्रवाई, ऑटो रिक्शा चोर को किया गिरफ्तार

**इंदौर.** खजराना पुलिस ने वाहन चोरी के एक मामले में तुरंत कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से दो चोरी के ऑटो रिक्शा बरामद किए हैं. आरोपी रात के अंधेरे का फायदा उठाकर वारदात को अंजाम देता था.

मामला बुधवार 27 मई को सामने आया था, जब फरियादी मोइनुद्दीन खान उम्र 44 साल निवासी सुपर पैलेस कॉलोनी खजराना ने शिकायत दर्ज कराई कि मंगलवार 26 मई की रात घर के सामने खड़ा किया उनका ऑटो रिक्शा चोरी हो गया. इस पर थाना खजराना में अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई. जांच के दौरान पुलिस ने क्षेत्र के सैकड़ों सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले, जिसमें संदिग्ध की पहचान हुई. मुखबिर सूचना पर आरोपी को एमआर-10 रोड स्थित स्टार चौराहे के पास से घेराबंदी कर पकड़ा. पुलिस को देखकर वह भागने का प्रयास कर रहा था, लेकिन टीम ने उसे दबोच लिया. पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम फरीद उम्र 28 साल निवासी चंदन नगर बताया, जो मजदूरी करता है और पांचवीं तक पढ़ा है. पूछताछ में उसने कबूल किया कि वह अपने शौक पूरे करने के लिए ऑटो रिक्शा चोरी करता था. पुलिस ने आरोपी के पास से ऑटो रिक्शा नम्बर एमपी 09 आरए 7551 और एमपी 09 आरए 5967 जब्त किए. आरोपी से अन्य थाना क्षेत्रों व जिलों में हुई वाहन चोरी की वारदातों के संबंध में भी पूछताछ की जा रही है. मामले में थाना प्रभारी मनोज सिंह सेंधव ने बताया कि क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं को देखते हुए विशेष अभियान चलाया जा रहा है और आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी.



**एक नजर में** नर्मदा लाइन से कम प्रेशर से और मात्र 10 मिनट पानी आने से स्थिति गंभीर, निगम के टैंकर अपर्याप्त, निजी टैंकर दो-ढाई गुने रेट पर दे रहे पानी

# भारी जल संकट से जूझ रहे शंकर बाग की अखाड़ा वाली गली के रहवासी

**इंदौर.** गर्मी के इस मौसम में शहर के वाशिंदे गंभीर जल संकट से जूझ रहे हैं. कई क्षेत्रों में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है. हालांकि शहर के अधिकांश क्षेत्रों में नर्मदा लाइन के बावजूद कम प्रेशर से पानी आने और बोरिंग बंद होने से स्थिति गंभीर हो गई है. नगर निगम टैंकरों से आपूर्ति नहीं कर पा रही है. परिणामस्वरूप निजी टैंकर वाले दो-ढाई गुने दाम पर पानी बेच रहे हैं. इससे लोगों को रोजाना परेशानियां उठानी पड़ रही हैं. पानी की किल्लत के कारण निवासियों में भारी नाराजगी है.




नगर निगम भले ही नियमित जल आपूर्ति के दावे कर रहा हो, लेकिन शहर के अधिकांश क्षेत्रों में भारी जल संकट व्याप्त है. इसी समस्या से वार्ड क्रमांक 63 के शंकर बाग की अखाड़ा वाली गली के रहवासी भी जूझ रहे हैं. अग्रसेन चौराहा और छावनी चौराहे के बीच स्थित इस बस्ती में पूरी गर्मी के दौरान पानी की भारी किल्लत बनी हुई है. रहवासियों के अनुसार नर्मदा परियोजना की लाइन से मात्र 10 मिनट ही पानी की सप्लाई होती है, जिससे परिवारों की दैनिक जरूरतें पूरी नहीं हो पातीं. वहीं क्षेत्र में मौजूद सरकारी बोरिंग से भी इतना कम पानी निकलता है कि लोग केवल 5 से 7 बाल्टी पानी ही भर पाते हैं. कुछ गलियों में लगे सरकारी बोरिंग से अन्य क्षेत्रों के लोगों को पानी भरने नहीं दिया जाता, जिससे समस्या और बढ़ गई है. पानी की कमी के चलते लोगों को दूर-दूर से पानी लाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है या फिर निजी टैंकरों से दो से ढाई गुना दर पर पानी खरीदना पड़ रहा है. गर्मी की शुरूआत में 600-700 रुपए में आने वाला टैंकर अब 1600 से 1700 रुपए में आ रहा है. रहवासियों का कहना है कि कई बार शिकायतों और गुहार के बावजूद अब तक जल संकट का स्थायी समाधान नहीं किया गया है.

### यह बोले रहवासी...



दोपहर दो से तीन के बीच में नर्मदा लाइन से पानी आता है, लेकिन मात्र 10 मिनट बाद ही नल बंद हो जाते हैं . ऐसे में हम क्षेत्रवासियों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता . - मीरा बाई



मोहल्ले में सरकारी बोरिंग है, लेकिन उससे भी चार से पांच बाल्टी पानी ही मिल पाता है . दूसरी जगह जाओ तो लोग पानी नहीं भरने देते, जबकि वह भी सरकारी बोरिंग है . पार्षद आते हैं, समस्या बताओ तो आश्वासन देकर चले जाते हैं . - आरती पवार



अखाड़ा चौक में भी एक बोरिंग कर दिया जाए तो पानी की समस्या खत्म हो जाएगी, क्योंकि नर्मदा लाइन और गली के बोरिंग से पानी कम मिलता है . इस कारण लोगों को इधर-उधर पानी के लिए भटकना पड़ता है . - मीन वर्मा